हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



मन जागृति अभियान के तहत हुआ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

सूरजपुर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित मन जागृति अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं सहयोगी संस्था सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अजय मार्कम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. राजेश पैकरा तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, समय पर उपचार, परामर्श सेवाओं की उपलब्धता एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर अपने - अपने विचार व्यक्त किए। मन जागृति अभियान के अंतर्गत 10वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला जेल, विभिन्न कॉलेज बालक एवं बालिका छात्रावास, वृद्धाश्रम, अरुणोदय कोचिंग संस्थान, संगवारी, मितानिन कार्यक्रम सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें तनाव प्रबंधन, परीक्षा संबंधी चिंता, भावनात्मक संतुलन, आत्मविश्वास तथा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में समय पर सहायता लेने के बारे में जानकारी दी गई।

शासकीय प्राथमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर में कराया गया न्योता भोज



रामानुजनगर। शासकीय प्राथमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से न्योता भोज एवं कन्या भोज का आयोजन किया कराया गया। भोजन के पश्चात उपस्थित सभी बालिकाओं को कॉपी पेन,शीश पेन्शील कटर वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सम्मान, शिक्षा के महत्व तथा समाज में बेटियों के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा। इस अवसर पर अतिथियों ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बेटियों को समान अवसर प्रदान करने तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान सुकुल राम, रविनाथ तिवारी, विजय साहू, नीलम पटेल, श्रीमती सलोमी बखला, दिनेश दुबे, आकाश तिवारी, नवीन कुमार, श्रीमती सुषमा साहू, श्रीमती फूलमती, श्रीमती बतूल बेगम सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

विकासखंड सहायक शिक्षा अधिकारी ने कराया न्योता भोज



कुसमी। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदकुमार गुप्ता ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में संकुल केंद्र घुटराडीह में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्योता भोज कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित शिक्षकों द्वारा की गई सहभागिता। कार्यक्रम के दौरान नंदकुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया गया। इस आयोजन ने बच्चों के बीच अपनत्व, समानता, सहयोग एवं सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। न्योता भोज जैसे आयोजन विद्यालय और समाज के बीच संबंधों को मजबूत करने के साथ बच्चों में सामूहिकता एवं सद्भाव की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज,चन्द्र भूषण गुप्ता,जनपद अध्यक्ष कुसमी बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, सरपंच बिंदु सिंह, शिक्षक दीपक गुप्ता , देव साय भगत, इंद्रदेव निकुंज,सीजे प्रजापति सहित संकुल समन्वयक सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

वन अधिकार समिति में तीन नामांकित सदस्यों को किया गया प्रतिस्थापित

अम्बिकापुर। वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरगुजा जिले में गठित जिला स्तरीय वन अधिकार समिति में तीन नामांकित सदस्यों को प्रतिस्थापित किया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप की गई है। शासन के निर्देशों के अनुसार नगरीय निकायों एवं शहरी क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन के लिए नगर निगम अम्बिकापुर से प्राप्त नामांकित सदस्यों की सूची के आधार पर जिला स्तरीय वन अधिकार समिति में तीन सदस्यों को प्रतिस्थापित किया गया है। प्रतिस्थापित किए गए सदस्यों में डॉ. शिवमंगल सिंह एवं श्रीमती अनिता रविन्द्र गुप्त भारती को अनुसूचित जनजाति वर्ग से तथा श्रीमती किरण साहू को अन्य पिछड़ा वर्ग से सदस्य नामांकित किया गया है।

जबलपुर एवं शहडोल के अंजलि एंड ग्रुप की शानदार प्रस्तुति

मां दुर्गा पूजा समिति का भव्य जगराता, माता रानी के भजनों पर पूरी रात झूमे श्रद्धालु



जागरण कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड के तत्वावधान में स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जबलपुर एवं शहडोल से पहुंचे अंजलि एंड ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी भजनों एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं दिल्ली से आए कलाकारों की आकर्षक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया।

खास बात

- दिल्ली से आई आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

जगराता कार्यक्रम के दौरान पूरा स्टेडियम ग्राउंड माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। कलाकारों ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का मनमोहक चित्रण करते हुए भजनों की अमृत वर्षा की। देवी गीतों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते-नाचते नजर आए। आकर्षक झांकियों और भक्तिमय प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। पूरे नगर में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते पूरी रात माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं के साथ भक्ति में लीन नजर आईं। उन्होंने देवी भजनों पर भक्तों के साथ झूमकर माता रानी का गुणगान किया। इस दौरान विधायक ने स्वयं देवी भजन गाकर मां दुर्गा के स्वरूप एवं महिमा का वर्णन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से स्टेडियम ग्राउंड भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, नवीन सोनू जायसवाल, सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, सूर्या अग्रवाल, सहित समिति के सदस्यों का सक्रिय रहे।

भव्य गरबा-डांडिया महोत्सव रविवार को

नवरात्रि महापर्व के अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा रविवार को स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में भव्य गरबा-डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गरबा-डांडिया महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई हैं। आयोजन को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

दुर्गा पंडाल में पूजा अर्चना करने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

अम्बिकापुर। शारदीय नवरात्रि पर्व पर शहर के दर्रीपारा मणिपुर में अनोखी सोच संस्था द्वारा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर के मणिपुर, दर्रीपारा में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अनोखी सोच संस्था द्वारा शारदीय नवरात्रि पर भव्य पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की है। शारदीय नवरात्र को लेकर मां के भक्तों में काफी उल्लास है। सुबह शाम की आरती में मोहल्ले के विशाल जनसमूह के साथ पंडाल में मां दुर्गा की आरती करते है। साथ ही संस्था द्वारा हर रोज विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते है।





एसडीएम एवं दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालेश्वर राम द्वारा दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों की बैठक एसडीएम कार्यालय में बुलाई गई। विगत दिन नायब तहसीलदार अनुग्रह केरकेट्टा द्वारा तहसील कार्यालय के सूचना पट्ट में लिखे गए अभद्र टिप्पणी को लेकर दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी सहित हिन्दू समाज के लोगों को आहत पहुंची थी। जिसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया था।

दो दिवस का समय देते हुए नायब तहसीलदार का स्थानांतरण कुसमी से अन्यत्र जगह करने की मांग करते हुए स्थानांतरण नहीं होने पर नगर बंद , तहसील कार्यालय का घेराव, सहित हड़ताल करने की बात कही गई। इस बात पर विचार विमर्श करते हुए एसडीएम के समक्ष एक स्वर में सभी दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारीगण एवं हिन्दू समाज के लोगों द्वारा अनुग्रह केरकेट्टा का स्थानांतरण कुसमी से अन्यत्र जगह करने की मांग किया गया, जिसपर पहल करते हुए एसडीएम द्वारा इस विषय में वरिष्ठ अधिकारी से बात चित करने की बात कहते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्रवाई करने की बात कही। दशहरा त्यौहार को शांतिपूर्वक त्योहार मनाने के लिए 20 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार से नगर बंद, तहसील कार्यालय का घेराव एवं हड़ताल नहीं करने का निवेदन किया गया।

एसडीएम की बात को सभी हिन्दू समाज के लोग एवं दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा 20 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार से हड़ताल जुलूस नहीं करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा 21 अक्टूबर तक नायब तहसीलदार अनुग्रह केरकेट्टा का कुसमी अनुविभाग से अन्यत्र जगह स्थानांतरण करने की मांग की गई। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जन्मजय सिंह, उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता , बालेश्वर राम, समलेश्वरी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष यशवंत गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप कश्यप , हरकेश भारती, मां भवानी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विनय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिले को मिली स्वास्थ्य सेवा की बड़ी सौगात, अब जरूरतमंदों के द्वार तक पहुंचेगा रेडक्रॉस इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब चिकित्सा सुविधाओं से वंचित और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा को डॉक्टर आपके द्वार मोबाइल मेडिकल यूनिट की सौगात मिली है। यह पहल उन परिवारों के लिए विशेष राहत लेकर आई है, जिन्हें इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुरू की गई इस व्यवस्था से ग्रामीण अंचलों, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की उम्मीद मजबूत हुई है।

- मोबाइल मेडिकल यूनिट से दूरस्थ अंचलों को मिलेगी राहत

जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉक्टर आपके द्वार एंबुलेंस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्देश्य जरूरतमंदों को उनके नजदीकी क्षेत्र में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को अधिक व्यापक बनाना है।कार्यक्रम में राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, विधायक भूलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, शिवनाथ यादव, रामकृपाल साहू, श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े, श्रीमती स्वाति संत सिंह, श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, मनमत बछाड़, रितेश जायसवाल, दीपेंद्र सिंह चौहान, ओंकार पांडेय, श्रवण जैन, भोला प्रसाद अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, अनिल गोयल, थलेश्वर साहू, अशोक सिंह, संत सिंह, अजय श्याम सहित अन्य मौजूद रहे।



कलेक्टर के निरीक्षण में खुली विकास कार्यों की पोल, जनमन सड़क की गुणवत्ता पर भड़कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम मानपुर, बेलकोना और पोड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नल-जल योजना की बदहाल स्थिति, अधूरे कार्यों और प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बन रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बेलकोना के हरिगलेटा पहुंच मार्ग पर सड़क निर्माण की खराब गुणवत्ता सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और जिम्मेदार निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने की बात कही।

- बंद नल-जल योजना पर जताई नाराजगी
- हर घर तक पानी पहुंचाने और सड़क निर्माण में लापरवाही पर नोटिस देने के निर्देश



ग्रामीणों को घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान कुछ गांवों में योजना बंद होने और कुछ स्थानों पर काम अधूरा होने की स्थिति सामने आई। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंद पड़ी योजनाओं को शीघ्र चालू किया जाए और अधूरे कार्यों को तत्काल पूरा कराया जाए। उन्होंने सभी घरों तक पानी पहुंचाने पर जोर देते हुए पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बेलकोना के हरिगलेटा गांव पहुंच मार्ग पर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते समय कलेक्टर ने निर्माण की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। सड़क निर्माण में खराब गुणवत्ता को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और जिम्मेदार निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए। सरकारी योजनाओं के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन छात्रावास भवन तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने और निर्माण की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान शंकरगढ़ एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो, जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश पांडेय, नायब तहसीलदार गजराज सिंह, कार्यक्रम अधिकारी प्रीति प्रियंका लकड़ा, परियोजना अधिकारी राहुल सिंह, आरईएस एसडीओ बसिल मिंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार सवार चोरों ने ट्रक से पार किया 30 लीटर डीजल, ट्रक मालिकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित रेहान बिरयानी के सामने खड़े ट्रक से कार सवार चोरों ने 30 लीटर डीजल को पार कर दिया। घटना देर रात की बताई जा रही है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही डीजल चोरी की घटनाओं को लेकर ट्रक मालिकों और नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

- नेशनल हाईवे-130 पर लगातार बढ़ रही डीजल चोरी की घटनाएं

जानकारी के अनुसार लखनपुर निवासी आलोक गुप्ता के ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमएस 9101 का चालक संतोष कुमार वैष्णव बस स्टैंड में आयोजित जागरण कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तड़के 3 बजे लौटने के बाद वह अपने ट्रक में सो रहा था। इसी दौरान चोरों ने ट्रक से करीब 30 लीटर डीजल चोरी कर लिया। दूसरे ट्रक चालक से जानकारी मिलने पर संतोष कुमार वैष्णव को चोरी की घटना का पता चला, जिसके बाद उसने तत्काल ट्रक मालिक को फोन कर इसकी सूचना दी। बताया जा रहा है कि कार सवार चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि लखनपुर में डीजल चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद लहपटरा टोल प्लाजा के पास भी ट्रकों से डीजल चोरी करने का प्रयास किया गया। हालांकि ट्रक चालक के उठ जाने के कारण चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके।



लगातार हो रही चोरी से ट्रक मालिक परेशान

क्षेत्र में लगातार सामने आ रही डीजल चोरी की घटनाओं से ट्रक मालिकों और वाहन चालकों में चिंता बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई है।



गणित मेला में बच्चों ने स्टॉल लगाकर सिखाई गणित की अवधारणाएं

बलरामपुर। सरनाडीह संकुल केंद्र में संकुल के सभी प्राथमिक शालाओं ने मिलकर गणित मेले का आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। जिसमें 126 बच्चे, 9 शिक्षक तथा सीएसी, सीआरसी और बीआरसीसी शामिल हुए। इस गणित मेले में संख्या पूर्व अवधारणा, संख्या ज्ञान, स्थानीय मान, जोड़ और घटाव, इबारती सवाल जैसी गणित की मुख्य अवधारणाओं पर ध्यान दिया गया। हर अवधारणा का अलग स्टॉल था, जिसे बच्चों ने स्वयं लगाया। मेलें में शामिल बच्चों एवं शिक्षकों को अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से वही अवधारणा सिखाने का प्रयास एवं एवं शिक्षकों को अपनी समझ साझा कर रहे थे। सभी विद्यालयों से आए हर बच्चे को हर स्टॉल पर विभिन्न अवधारणाओं को मजेदार तरीके से सीखने का एक अच्छा और आनंदमय अवसर प्राप्त हुआ। मेले में आए बीआरसी, सीआरसी, एवं सीएसी ने बच्चों का अवलोकन किया। साथ ही बच्चों ने भी सामने से उनसे अपने स्टॉल की अवधारणाओं के आधार पर प्रश्न किए, जो एक रोचक बात रही।

दस्तावेजों के अभाव में गरीब परिवार राशन कार्ड से वंचित

बिहारपुर। राशन कार्ड बनवाने के लिए जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की अनिवार्यता के कारण क्षेत्र के कई गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवार राशन कार्ड बनवाने से वंचित हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर सरपंच संघ ब्लॉक ओड़गी के अध्यक्ष गजमोचन सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा तथा वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

- सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सौंपे गए ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने बताया कि क्षेत्र के कई गरीब परिवारों के पास जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण पात्र हितग्राही राशन कार्ड बनवाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और शासन की खाद्यान्न योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सामने खाद्यान्न की समस्या उत्पन्न हो रही है। जनप्रतिनिधियों ने शासन से मांग की है कि जिन पात्र हितग्राहियों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए वैकल्पिक दस्तावेजों अथवा सरल प्रक्रिया के माध्यम से राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाए। इससे गरीब मजदूर, असहाय परिवारों और जरूरतमंद महिला-पुरुषों को योजना का लाभ मिल सकेगा और दस्तावेजों के अभाव में कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच संघ ब्लॉक ओड़गी के अध्यक्ष गजमोचन सिंह, उमझर सरपंच बहादुर सिंह, कालामाजन सरपंच अर्जुन सिंह एवं जितेन्द्र साकेत मॉजूद रहे।



विद्यालयों में शैक्षणिक एवं डिजिटल कार्यों की हुई समीक्षा

निर्धारित समय में सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं

बलरामपुर। विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत समस्त पूर्व माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, डिजिटल कार्यों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला मिशन समन्वयक चंद्रभूषण गुप्ता द्वारा मिशन आचार्य , रीडिंग कार्नर, क्विज प्रतियोगिता, विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा विभागीय निर्देशों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधान पाठकों एवं संकुल समन्वयकों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय-सीमा में सभी आवश्यक जानकारियों को अद्यतन करें तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं। साथ ही विद्यालय स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यालयों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना, शैक्षणिक गतिविधियों की नियमित निगरानी करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक सुचारू रूप से पहुंचाना रहा। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजू कनौजिया, बीआरसी सुरेश सिंह, जिला प्रोग्रामर विजय कुशवाहा, राजेश गुप्ता, संकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 18 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4

सीएम से मिले एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता अनिमेष





खबर संक्षेप

सरगुजा में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला सरगुजा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठित समिति में अपर कलेक्टर प्रताप विजय खेस को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, अजाक थाना अम्बिकापुर के उप पुलिस अधीक्षक को पदेन सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक सांख्यिकीय अधिकारी संतोष कुमार कंवर को अनुसूचित जनजाति वर्ग से, सहायक प्राध्यापिका ममता कुर्रे को अजा वर्ग से तथा परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता को अन्य पिछड़ा वर्ग से सदस्य बनाया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को पदेन सदस्य सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

जिले में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 8 वाहन जब्त

अम्बिकापुर। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में 14 एवं 15 अक्टूबर को खनिज अमले द्वारा अंबिकापुर एवं सीतापुर क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना अभिवहन पास के खनिज रेत एवं ईंट का परिवहन करते पाए जाने पर तीन टिपर और पांच ट्रैक्टर सहित कुल आठ वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज परिवहन करते पाए जाने पर तीन टिपर वाहनों को जब्त कर कलेक्टर परिसर अंबिकापुर में रखा गया है, जब्त वाहनों में सीजी 15 ईके 4164 टीपर वाहन मालिक अभिषेक वर्मा, सीजी 15 ईके 2457 वाहन मालिक सुमित गुप्ता, सीजी 15 डीएन 7006 वाहन मालिक सी.पी. शुक्ला शामिल है। वहीं, पांच ट्रैक्टरों के खिलाफ अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज कर उन्हें जप्त कर सीतापुर थाना परिसर में अभिरक्षा में रखा गया है, जिसमें सीजी 15 एसी 1242 ट्रेक्टर वाहन मालिक चन्द्रमणी सिंह, महेन्द्रा शोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक अर्जुन यादव, सोनालिका शोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक शंकर खलखो, महेन्द्रा शोल्ड लाल ट्रेक्टर वाहन मालिक दाउत लकड़ा, महेन्द्रा शोल्ड लाल ट्रेक्टर वाहन मालिक अर्जुन यादव शामिल है।

सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगरा कला निवासी अक्ष्य कुमार साहू आ. रामाशंकर साहू (20 वर्ष) 14 अक्टूबर को दोस्त दिनेश यादव के साथ बाइक से घूमने निकला था। शाम 6 बजे परिजन फोन किए तो युवक ने ग्राम बिनकरा में बाइक का पंचर बनवाने की बात बताई। कुछ समय बाद 7.30 बजे तीन युवक ने अक्ष्य के घर आकर परिजन को बताया कि अक्ष्य का एक्सीडेंट हो गया है। इसी बीच गांव के गोलू साहू ने अक्ष्य को घायल अवस्था में उसके घर छोड़ा। युवक की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर परिजन उसे संजीवनी 108 से लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

महाआरती के बाद रात में लोग गरबे का आनंद ले रहे

नवरात्र में मां भगवती की भक्ति में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल





श्रद्धालु द्वारा शारदीय नवरात्र में माता रानी की पूजा अर्चना कर उपस्थिति दर्ज करा रहे इन दिनों शहर में भक्ती का माहौल इस कदर बढ़ा है कि जहां पूरे दिन पूजा-पाठ करने के बाद दोपहर में भंडारा और रात होते ही लोग गरबा कार्यक्रम में शामिल होकर आनंद उठा रहे हैं। वहीं जब से नवरात्र शुरू हुआ है, तब से लोग सुबह से ही माता के दरबार में पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। साथ ही शाम होते ही माता के महाआरती के समय भक्तों की संख्या काफी बढ़ जा रही है, हालांकि मंदिर समिति द्वारा पहले से ही विशेष तैयारी की गई है, जिसके चलते भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। श्रद्धालु अपने परिवार के सुख-समृद्धि के लिए माता की अराधना में जुटे हैं।

भक्तिमय बना हुआ है माहौल

उल्लेखनीय है कि जब से नवरात्र पर्व शुरू हुआ है तब से देवी के पंडाल में भक्त माता के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंच रहे हैं। ऐसे में भक्तों का कहना है कि नवरात्र के नौ दिन बहुत खास होता है। यही कारण है कि इन दिनों पूरा माहौल भक्तिमय नजर है। साथ ही ज्यादातर लोग सुबह-शाम माता के दरबार में पहुंच कर आरती का लाभ उठा रहे हैं। वहीं नवरात्र के दिनों में माता का संगीतमय आरती हो रही है, जहां आसपास के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे पहुंच रहे हैं और पूजा-पाठ के बाद ज्योत दर्शन कर माता का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

गरबा का चल रहा आयोजन शहर में जगह-जगह गरबा का भी कार्यक्रम चल रहा है, जिससे रात होते ही महिला-पुरुष विशेष परिधान धारण कर माता के गरबा करते नजर आ रहे हैं। इस संबंध में युवाओं का कहना है कि गरबा को लेकर इनमें विशेष उत्साह बना हुआ है, जिसके चलते नवरात्र के पहले से ही तैयारियों में जुट गए थे। जहां शहरवासी मंदिरों में पूजा-पाठ करने के बाद देर रात तक आनंद उठा रहे हैं।

गरबा महोत्सव के छठवें दिन भक्ति और उल्लास में झूमा नगर





जशपुरनगर। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नारायण जनकल्याण समिति की ओर से बालाजी ग्राउंड बीएसएनएल एक्सचेंज के सामने आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव के छठवें दिन की छटा देखते ही बन रही थी। मां के जयकारों और गरबा की थाप पर पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अभय सोनी, रामनिवास अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल,महेंद्र कुमार अग्रवाल, कमल दुबे, जिमी सोनी और कुमुद वस्त्रालय से समस्त प्रायोजकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

छठवें दिन की शाम सुरों के नाम रही। बिलासपुर की प्रसिद्ध गायिका नेहा पांडे ने जब भजन प्रस्तुत किए तो पूरा पंडाल झूम उठा। रायपुर से आए अमन अग्रवाल और रांची से आए अभिषेक उन्नी ने अपनी मधुर आवाज से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।स्थानीय कलाकारों ने भी समां बांध दिया। जशपुर के कमलेश्वर सारथी, रेणुका निराला और आकांक्षा यादव की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। महिला समिति की ओर से प्रस्तुत आकर्षक धुवन नृत्य इस दिन का विशेष आकर्षण रहा, महीलाओ ने अपने दोनों हाथों में जलता हुआ धुवां पत्र लेकर बंगाल के प्रसिद्ध धुवां नाच किया जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिला।

शिक्षक ने किया हिंदू देवताओं और ऋषियों पर आपत्तिजनक पोस्ट



जशपुरनगर। सोशल मीडिया पर हिंदू देवताओं और ऋषियों को लेकर शिक्षक के आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। नवरात्रि के पावन पर्व पर पोस्ट को लेकर हिंदू समाज में खासी नाराजगी है। मामले में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष करनेल सिंह ने कुनकुरी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कांसाबेल विकासखंड के बिहाबाल का रहने वाला शिक्षक हेमंत बेदी बगीचा विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला कुदमुरा में पदस्थ है। शिक्षक हेमंत बेदी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदू देवताओं और ऋषियों के संबंध में आपत्तिजनक पोस्ट की गई है।शिक्षक द्वारा किये गए पोस्ट के वायरल होने के बाद जिले भर में आक्रोश है।

संबंधित शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष करनेल सिंह ने इस मामले में कुनकुरी थाने पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की है और संबंधित शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।शिकायत के बाद पुलिस अब इस मामले में जांच में जुट गई है।

ढोढ़ीबहार के किसानों को उन्नत सब्जी पौधों का वितरण



जशपुरनगर। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, पंडरीपानी-कुनकुरी के विद्यार्थियों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत ग्राम ढोढ़ीबहार में किसानों को उन्नत किस्मों के सब्जी पौधे वितरित किए। 16 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को वैज्ञानिक तरीके से सब्जियों की खेती करने और बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अमित कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान फरसाकानी स्थित अनुसंधान फार्म में तैयार बैंगन, टमाटर, पत्तागोभी, फूलगोभी और मिर्च के पौधे किसानों को दिए गए। इन पौधों को महाविद्यालय के फार्म में श्रीमती अनुपमा ने तैयार किया था। कार्यक्रम में आरएडब्ल्यूई प्रभारी डॉ. विरेंद्र कुमार पैंकरा एवं डॉ.शंभू उपस्थित रहे। चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने पौध वितरण में सक्रिय भागीदारी निभाई।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में न्याय व्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती का अहसास कराया है। पत्थलगांव स्थित विशेष अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय ने एक गंभीर और झकझोर देने वाले मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए नाबालिक से बलात्कार और कुकृत्य के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालय के इस कड़े रुख से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो बलराम कुमार देवांगन की अदालत ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाम श्याम लाल यादव से संबंधित विशेष प्रकरण क्रमांक 10/2022 में यह फैसला सुनाया। इस संवेदनशील मामले में शासन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक आरपी होता ने ठोस सबूत और अकाट्य तर्क प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ जुर्म को पूरी तरह सिद्ध पाया।

जानिए क्या था पूरा प्रकरण और घटनाक्रम

पूरा मामला जशपुर जिले के थाना बागबहार क्षेत्र का है। अभियोजन की कहानी के अनुसार 5 अगस्त 2021 को आरोपी श्याम लाल यादव, पिता- राजकुमार यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी- महेशपुर, टोंगरीटोला, थाना बागबहार ने 16 वर्ष से कम आयु की एक नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर और शादी करने का झांसा देकर अपहरण कर लिया था। आरोपी ने ग्राम चोरनीटोंगरी ले जाकर नाबालिग की सहमति के बिना उसके साथ कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाया।

शारीरिक बदलाव को देखकर उसकी माता ने की पूछताछ

इस गंभीर कुकृत्य के परिणामस्वरूप पीड़िता गर्भवती हो गई। जब काफी समय बीतने के बाद पीड़िता के पेट फूलने को देखकर उसकी माता ने पूछताछ की, तब इस डरावनी घटना का खुलासा हुआ। परिजनों ने कांसाबेल शासकीय अस्पताल में जांच कराई तो पीड़िता के 7 माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। इसके बाद 10 मार्च 2022 को थाना बागबहार में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की और 12 मार्च 2022 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

न्यायालय की प्रक्रिया और साक्ष्यों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता, उसकी माता-पिता, चिकित्सीय विशेषज्ञों डॉ.श्रद्धा तिर्की व डॉ. अजीत कुमार बंदे और विवेचना अधिकारी सहित कुल 16 महत्वपूर्ण साक्षियों का परीक्षण कराया गया। साथ ही, स्कूल की दाखिल-खारिज पंजी जिसमें पीड़िता की जन्मतिथि 26.05.2007 दर्ज थी और चिकित्सीय रिपोर्ट को महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड पर लिया गया। बचाव पक्ष के वकीलों ने रिपोर्ट दर्ज होने में विलंब और शरीर पर चोट के निशान न होने का हवाला देकर आरोपी को निर्दोष साबित करने का प्रयास किया। परंतु, माननीय न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न न्यायदृष्टांतों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि जहाँ पीड़िता कम उम्र की नासमझ बालिका हो और उसके बयान पूरी तरह विश्वसनीय व अकाट्य हों, वहां चिकित्सकीय पुष्टि या एफआईआर में मामूली विलंब से अभियोजन की कहानी पर संदेह नहीं किया जा सकता।

पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन हेतु 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान

जशपुरनगर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के अनुपालन में जशपुर जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। विशेष अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में घर-घर भ्रमण करेंगे और प्रत्येक सप्ताह बुधवार और गुरुवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए मतदाता सूची में अपना पंजीयन अवश्य सुनिश्चित करें। पात्र नागरिक ईसीआईनेट मोबाइल ऐप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से फॉर्म-6 ऑनलाइन भरकर आवेदन कर सकते हैं।

शिक्षा रूपी शक्ति से मिटेगा अज्ञान व सामाजिक बुराइयों का अंधकार



जशपुरनगर। शासकीय प्राथमिक शाला पैकू, विकासखंड एवं जिला जशपुर में बच्चों द्वारा शिक्षा-जागरूकता पर आधारित एक प्रभावशाली लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें मां दुर्गा को ज्ञान, शिक्षा और सकारात्मक शक्ति के प्रतीक के रूप में दिखाया गया। इस नाटक की विशेषता यह रही कि मां दुर्गा की वेशभूषा छत्तीसगढ़ महतारी के स्वरूप में तैयार की गई। इसके माध्यम से शिक्षा, शक्ति और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को एक साथ जोड़ते हुए अपनी मातृभूमि के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।

प्रस्तुति में अज्ञानता, भ्रष्टाचार, नशा, झूठ और लालच जैसी सामाजिक बुराइयों को अलग-अलग पात्रों के रूप में दिखाया गया। ये बुराइयां एक-एक करके मंच पर प्रवेश करती हैं और बच्चों तथा समाज के भविष्य को नुकसान पहुंचाने की बात करती हैं। छत्तीसगढ़ महतारी के स्वरूप में विराजमान मां दुर्गा अपने शिक्षा रूपी त्रिशूल से प्रत्येक बुराई का अंत करती हैं। मां दुर्गा के त्रिशूल को शिक्षा तथा उनके अन्य अस्त्रों को पुस्तक, लैपटॉप, विज्ञान, तकनीक, डिजिटल शिक्षा, नैतिकता और आधुनिक शैक्षिक संसाधनों के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक ने संदेश दिया कि शिक्षा केवल पढ़ना-लिखना नहीं सिखाती, बल्कि व्यक्ति को सही और गलत की पहचान कराते हुए सामाजिक बुराइयों से लड़ने की शक्ति भी प्रदान करती है। यह प्रस्तुति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप तैयार की गई। इसमें अनुभव आधारित शिक्षा, कला समेकित अधिगम, स्थानीय संस्कृति, रचनात्मकता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जागरूकता को विशेष रूप से शामिल किया गया। बच्चों ने अभिनय के माध्यम से सामाजिक समस्याओं को समझा और शिक्षा की शक्ति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस नवाचारी गतिविधि का मार्गदर्शन विद्यालय के नवाचारी शिक्षक अनिल कुमार कश्यप द्वारा किया गया। उन्होंने बताया शिक्षा वह शक्ति है, जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर बच्चों को सत्य, ईमानदारी और उज्ज्वल भविष्य की राह दिखाती है।

जिले में 1 लाख 54 हजार से अधिक महिलाओं को मिला योजना का लाभ

उज्ज्वला योजना से धुएं से मिली मुक्ति, बदला महिलाओं का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे से निकलने वाले धुएं से राहत मिल रही है। साथ ही खाना बनाने में लगने वाला समय भी कम हो रहा है, जिससे वे परिवार और बच्चों की बेहतर देखभाल कर पा रही हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जिले के पात्र परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड की ग्राम पंचायत देवीडड़ गांव निवासी श्रीमती अंजू निराली प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से लाभान्वित हुई हैं। गैस कनेक्शन मिलने से उनकी रसोई में बड़ा बदलाव आया है और अब वे बच्चों के लिए समय पर भोजन तैयार कर पा रही हैं।

लकड़ी के चूल्हे के धुएं से मिली राहत

हितग्राही अंजू निराली तिर्की ने बताया कि पहले उन्हें लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाना पड़ता था। चूल्हे से निकलने वाले धुएं के कारण आंखों में जलन होती थी और सांस लेने में भी परेशानी होती थी। खाना बनाने में अधिक समय लगता था, जिसके कारण बच्चों के लिए समय पर भोजन तैयार करना भी मुश्किल हो जाता था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिला है। गैस मिलने से अब चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिल गई है। मैं बच्चों के लिए समय पर खाना बनाकर उन्हें स्कूल भेज पाती हूं।



समय की बचत के साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार

गैस चूल्हे पर खाना बनाने से समय की बचत होती है। रसोई में धुआं कम होने से वातावरण स्वच्छ रहता है और चूल्हे के धुएं से होने वाली परेशानियों से भी राहत मिली है। अब वे घरेलू कामकाज को पहले की तुलना में आसानी से पूरा कर पा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना केवल गैस कनेक्शन मिलने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने रसोई में सुविधा बढ़ाने, समय बचाने और परिवार की देखभाल के लिए अधिक समय उपलब्ध कराने में मदद की है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1 लाख 54 हजार से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना और पारंपरिक चूल्हों से निकलने वाले धुएं के कारण होने वाली परेशानियों को कम करना है। योजना से लाभान्वित अंजू निराला ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

पम्प चोरी के आरोप में दो युवकों को जूते की माला पहनाकर पीटा, गांव में निकाली रैली

रामानुजनगर। पम्प चोरी के एक मामले में ग्रामीणों द्वारा दो आरोपियों को न सिर्फ जूते की माला पहनाकर मारपीट बल्कि गांव में घुमाया। इधर जलील करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रामानुजनगर थाना प्रभारी विराट विसी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत आमगांव निवासी बिगन सिंह ने सिंचाई के लिए नाले में पंप लगाया था, जिसे शुक्रवार को दिनदहाड़े चोरों ने पार कर दिया। पम्प मालिक द्वारा पतासाजी करने पर पता चला कि ग्राम कोट निवासी धनीराम और सुखलाल नामक व्यक्ति बोरा में भरकर पम्प लाए हैं। जानकारी मिलते ही पम्प मालिक और उसके सहयोगी कोट गांव पहुंचे और दोनों को बलपूर्वक पकड़कर आमगांव लेकर आ गए। आरोप है कि वहां पहले दोनों के कपड़े उतारे गए, फिर जूतों की माला बनाकर उन्हें पहनाया गया और गांव की सड़कों पर मारते-पीटते हुए रैली निकालकर अपमानित किया गया। इसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ तो रामानुजनगर पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी।

लवाकेरा स्कूल से शिक्षकों के समायोजन पर विवाद, 15 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवाकेरा में शिक्षकों के समायोजन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इतिहास और अंग्रेजी विषय के शिक्षकों को दूसरे संस्थानों में समायोजित किए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत लवाकेरा के उपसरपंच जीडी बाजपेयी ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने तीन शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजने की मांग करते हुए विभाग को 15 दिन का समय दिया है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उपसरपंच ने ज्ञापन में कहा है कि विद्यालय में इतिहास और अंग्रेजी विषय के शिक्षक पदस्थ थे, लेकिन उनका अन्य संस्थानों में समायोजन कर दिया गया। इससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। ऐसे में संबंधित शिक्षकों की मूल विद्यालय में वापसी जरूरी है।

तीन शिक्षकों को वापस भेजने की मांग

ज्ञापन में व्याख्याता प्रभा चौहान, जो वर्तमान में संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में पदस्थ हैं, व्याख्याता शिवकुमार चौहान , जो स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुनकुरी में पदस्थ हैं, और व्याख्याता सुमन कुमार तिर्की, जो संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में छात्रावास अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं, का उल्लेख किया गया है।

खबर संक्षेप



अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

छाल। ग्राम पंचायत छाल के प्रांगण में आयोजित आम ग्रामसभा में आज जनविकास, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में पहुंचे एसईसीएल के सीएसआर अधिकारी डॉ गजानंद ने ग्रामीणों की मांगें सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए दस्तावेज तैयार कराने की बात कही। विशेष स्वच्छता अभियान के तहत गांवों को साफ.सुथरा बनाने और लोगों को प्रेरित करने के लिए ग्राम पंचायतों को डस्टबिन बांटे गए। इसके अलावा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं को पौधे बांटे गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और सतर्कता जागरूकता अभियान से जुड़ने की अपील की। इस आम ग्रामसभा में छाल सरपंच मालती नीलांबर राठिया, जनपद सदस्य संत राम खूंटे, बोकरामुड़ा सरपंच श्याम राठिया, बोजिया सरपंच भगत राम राठिया सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एसईसीएल की इस पहल की सराहना की।

कर्मचारी ने लोहे के पाइप से साथी का सिर फोड़ा

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के संजय नगर स्थित साहिल फैब्रिकेशन दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी ने मामूली बात पर विवाद करते हुए अपने ही साथी पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। इस हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है। घायल ने जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद चक्रधरनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विनोद लकड़ा ने बताया कि बीते 15 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे दुकान खुलने के बाद उसका साथी बजरंग यादव शराब के नशे में दुकान पहुंचा था। विनोद ने उसे काम नहीं कर पाने की स्थिति में घर जाने को कहा, जिसके बाद वह दुकान से चला गया। किंतु दोपहर करीब 2 बजे बजरंग यादव दोबारा दुकान पहुंचा और विनोद के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान उसने दुकान के पास रखे लोहे के पाइप से विनोद के सिर पर वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले में उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा। जिसके बाद विनोद ने अपनी पत्नी को घटना की सूचना दी और दुकान में मौजूद उसके साथी किशन भगत के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद वह पुलिस से शिकायत करने पहुंचा। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, घायल

रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की वजह से बाइक सवार दंपती सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस दुर्घटना में पति संतोष चौहान और पत्नी संतोषी चौहान घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर होने की वजह से उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 12 अक्टूबर की दोपहर करीब 2 बजे छाल हाईस्कूल गेट के पास पानी टंकी के नजदीक हुई। ग्राम छाल निवासी संतोष चौहान अपनी पत्नी संतोषी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 13 एजेड 4383 से ब्लड टेस्ट कराने छाल स्थित अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर को चालक लखी राठिया द्वारा तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में संतोष के सिर, हाथ और पैरों में चोटें आईं, जबकि संतोषी के सिर और सीने में चोट लगी। दोनों को तत्काल छाल अस्पताल ले जाया गया। महिला की चोट गंभीर होने के कारण उसे रायपुर के डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन से पूरे छग को गौरवान्वित किया- साय

सीएम से मिले एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता अनिमेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में एशियन गेम्स 2026 में कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और देश का गौरव बढ़ाने वाले एथलीट अनिमेष कुजूर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री कुजूर को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जशपुर की माटी के बेटे अनिमेष कुजूर ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। भारतीय टीम द्वारा राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना इस उपलब्धि को और विशेष बनाता है। मुख्यमंत्री ने श्री कुजूर से एशियन गेम्स में उनके प्रदर्शन, प्रशिक्षण और खेल यात्रा के संबंध में आत्मीय चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनिमेष की उपलब्धि प्रदेश के उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो खेलों में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना यह साबित करता है कि प्रतिभा को उचित अवसर, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिले तो हमारे युवा दुनिया के किसी भी मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

बस्तर से सरगुजा और जशपुर अंचलों में अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बस्तर से सरगुजा और जशपुर तक हमारे जनजातीय और ग्रामीण अंचलों में अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि ऐसी प्रतिभाओं की पहचान शुरुआती स्तर पर हो और उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर खेल अधोसंरचना तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास को युवाओं के सर्वांगीण विकास से जोड़कर आगे बढ़ रही है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विस्तार के साथ खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान

जशपुर के छोटे से गांव से अंतरराष्ट्रीय मंच तक का सफर

उल्लेखनीय है कि अनिमेष कुजूर मूलतः जशपुर जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुईटांगर के निवासी हैं। उन्होंने जापान में आयोजित एशियन गेम्स 2026 की 4×100 मीटर मिक्स्ड रिले स्पर्धा में भारतीय टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। भारतीय टीम ने इस स्पर्धा में 41.06 सेकंड का समय दर्ज करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया।अनिमेष की यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के लिए विशेष गौरव का अवसर है। जशपुर के ग्रामीण अंचल से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने तक की उनकी यात्रा प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर अनिमेष कुजूर के पिता अमृत कुजूर, माता रीना कुजूर सहित एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

आर्य विद्यासागर स्कूल में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सेवा संकल्प अभियान के तहत आर्य विद्यासागर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन 15 अक्टूबर को रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल एवं विशिष्ट अतिथि सुधीर शर्मा व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडपाली से रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ देवी सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुआ जहां प्रथम पाली में आदरणीय सुधीर शर्मा के द्वारा बड़ा ही ओजस्वी भाव से विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को उनके करियर के बारे में अवगत कराते हुए अध्ययन की प्रत्येक शैली को सिखाया तथा दूसरी पाली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी पटेल के द्वारा बच्चों को यह बताया गया कि हम कैसे आने वाले समय में अपने पढ़ाई के स्तर को ऊपर उठा सके। पटेल के द्वारा बच्चों को बताया गया कि जीवन कितनी कठिनाइयों से आगे की ओर बढ़ती है और कैसे हम कठोर परिश्रम करके अपनी सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे प्रत्येक बिंदु को समझाने के लिए उन्होंने कई सारे कहानियों के द्वारा बच्चों को उदाहरण देते हुए प्रेरित किए।

खाना बनाने से इनकार और मायके जाने की जिद पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम सूपा में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति अमृत लाल महंत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसारए आरोपी ने फावड़े से हमला कर अपनी 41 वर्षीय पत्नी रूप कुंवर महंत की हत्या करना स्वीकार किया है।

घटना 10 अक्टूबर की रात की है। मृतका का बेटा सूरज दास महंत ड्यूटी से घर लौटा तो उसकी मां परछी बरामदे में अचेत अवस्था में पड़ी मिलीं। उनके शरीर पर चोट के निशान थे और आसपास खून बिखरा हुआ था। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर ले गएए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गंभीर रक्तस्राव के कारण मृत्यु होने की बात सामने आई। घटनास्थल की जांच में पुलिस और फॉरेंसिक टीम को घर के अंदर तथा कई सामानों पर खून के निशान मिले। जांच के दौरान पति पर संदेह गहराया लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ने और रक्तचाप बढ़ने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। स्वास्थ्य में सुधार के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की। पुलिस के मुताबिकए आरोपी ने बताया कि खाना बनाने से इनकार करने और ग्राम रैबार स्थित रिश्तेदार के घर जाने की जिद को लेकर पत्नी से विवाद हुआ था। इसी दौरान उसने फावड़े से हमला कर दिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल फावड़ा, आरोपी के कपड़े और अन्य साक्ष्य जब्त किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

कलेक्टर ने ली पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक



सारंगढ़-बिलाईगढ़। जिले में पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम, निराश्रित मवेशियों के समुचित प्रबंधन और पशु कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति एसपीसीए की बैठक में पशु संरक्षण, घायल एवं बीमार पशुओं के उपचार, पशु परिवहन तथा सड़कों पर विचरण करने वाले बेसहारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम की समीक्षा की।

अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई, 12 वाहन, मशीनें जब्त

खनिज विभाग की लगातार दबिश, एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



खनिज विभाग की टीम ने सरिया और सरसींवा तहसील के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त 12 वाहन एवं मशीनों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं एक प्रकरण में एक लाख रुपए की राशि शासन के मद में जमा कराई गई है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 अक्टूबर को सरिया तहसील के ग्राम जोतपुर बोंदा में औचक निरीक्षण के दौरान मुरुम के अवैध उत्खनन में संलिप्त दो जेसीबी मशीनों और तीन ट्रैक्टर जब्त की गई है। इसी प्रकार 13 अक्टूबर को सरसींवा तहसील के ग्राम ओडकाकन में साधारण रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। 14 अक्टूबर को सरिया तहसील में रेत का अवैध परिवहन करते पाए गए तीन ट्रैक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इसके पहले 21 सितंबर को सरसींवा तहसील के ग्राम ओडकाकन में रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर लोडर मशीन एवं दो ट्रैक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक लाख जुर्माना लगाया गया था।

बरगांव में नशामुक्त युवा विषय पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट



जशपुरनगर। मेरा युवा भारत, जशपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगांव, जशपुर, में नशामुक्त युवा विषय पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट ,पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना तथा विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के विवेकानंद यूथ क्लब एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक हेमराज सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से माई भारत पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही नशामुक्त भारत अभियान से संबंधित वीडियो दिखाकर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष म गंगा प्रसाद राम भगत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं में नशे के प्रति नहीं, बल्कि पढ़ाई, अनुशासन और अपने सपनों को पूरा करने के प्रति जुनून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं संस्कार ही व्यक्ति की असली पहचान हैं। युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी विजय सहाय एवं अरविंद सिंह उपस्थित रहे। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के डॉ.विवेक कुजूर एवं डॉ. दीपक साहू ने नशामुक्त जीवन, मानसिक तनाव से बचाव तथा स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी।विद्यालय के प्राचार्य जेंडर राम मांझी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

खरसिया में होगा विशाल दशहरा मेला और छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम

खरसिया। विजयादशमी महोत्सव समिति द्वारा इस बार भी विशाल दशहरा मेला का आयोजन करने जा रहा है। खरसिया का दशहरा मेला पूरे अंचल में विख्यात है आसपास के सैकड़ो गांवों से ग्रामीण दशहरा मेले का आनंद लेने सपरिवार खरसिया आते है। 20 अक्टूबर को विराट दशहरे मेले का आयोजन नगर के टाउनहाल मैदान में होगा। मैदान में कई तरह के व्यंजनों से सुसज्जित दुकानें लगेंगी। साथ ही छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध आतिशबाजी भी इस बार टाउनहाल मैदान में देखने को मिलेगी वही 20 अक्टूबर को ही रावण दहन का कार्यक्रम रात्रि 7 बजे राजा राम के हाथों सम्पन्न होगा। तत्पश्चात भारत दीक्षा छत्तीसगढ़ी नाइट का भव्य आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। अगले दिन 21 अक्टूबर को राम राज्य गद्दी के पावन उपलक्ष्य में क्षेत्र की जनता की खास फरमाइश पर छत्तीसगढ़ का सुपर स्टार पदमश्री अनुज शर्मा नाइट का शानदार आयोजन भी दशहरा समिति द्वारा करवाया जा रहा है। रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर सांसद राधेश्याम राठिया आएंगे वही अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग करेंगे।

एनईएस में अंतर महाविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता संपन्न

जशपुरनगर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर के तत्वावधान में शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन पुरुष एवं महिला हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में किया गया।

पुरुष वर्ग में विकसित, महिला वर्ग में एकता बेस्ट प्लेयर

पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता में चार महाविद्यालयों, राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर; बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय, कुनकुरी; सरस्वती महाविद्यालय, अंबिकापुर तथा एनईएस महाविद्यालय, जशपुर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। तथा ट्रायल में चार महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, आक्रामक खेल एवं मजबूत रक्षात्मक रणनीति का परिचय दिया। एन ई एस महाविद्यालय ने प्रथम स्थान, एवं सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर ने द्वितीय स्थान प्रापर किया। एनईएस महाविद्यालय के खिलाड़ी विकसित लकड़ा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर चुना गया। महिला वर्ग में लीग पद्धति से हुई प्रतियोगीता- महिला वर्ग की प्रतियोगिता लीग पद्धति से आयोजित की गई, जिसमें तीन टीमों ने भाग लिया तथा ट्रायल में चार महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता में शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय, जशपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरस्वती महाविद्यालय, अंबिकापुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय, जशपुर की खिलाड़ी एकता एक्का को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर चुना गया। चयनित खिलाड़ी अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता मे लेगें भाग- प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के खेल कौशल और प्रदर्शन का आकलन किया गया। उनके प्रदर्शन के आधार पर संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष हॉकी टीमों का चयन किया जाएगा। चयनित टीमें आगामी अंतरविश्वविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। निरंतर अभ्यास करने तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया- समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हॉकी हमारी खेल संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक रूप से कार्य करने की भावना विकसित होती है। अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता के संयोजक महाविद्यालय के खेल अधिकारी मनोरंजन कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक गौतम कुमार सूर्यवंशी ने किया। आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो.जेआर भगत, डॉ. जेपी कुजूर, प्रो.एसईजी लकड़ा, डॉ. सरिता निकुंज, प्रो.कीर्ति किरण केरकेट्टा, डॉ. एआर पैकरा, डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. विनय तिवारी, डॉ. हरिकेश कुमार, प्रो. आइलिन एक्का, डॉ लाइजिन मिंज प्रो. अंजिता कुजूर सहित ,अधिकारी, कर्मचारी एवं अतिथि व्याख्याता उपस्थित रहे।

मनोरा में विखं स्तरीय सरगुजा ओलंपिक महाकुंभ संपन्न

जशपुरनगर। विकासखंड मनोरा में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 अंतर्गत विकासखंड के कनिष्ठ 14 वर्ष से 17 आयु वर्ग एवं वरिष्ठ 17 वर्ष से ऊपर के खिलाड़ियों हेतु 15 एवं 16 अक्टूबर को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विकासखंड मनोरा के स्कूली एवं ग्रामीण युवा प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन खेल भावनाओं के साथ किया।

खेल महाकुंभ के समापन समारोह में शांति भगत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष- वर्तमान जिला पंचायत सदस्य, हैप्पी कमल कुजूर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, जनपद सदस्य- कांता भगत, शोषण टोप्पो रंजीत भगत, गोविंद राम भगत पूर्व जनपद अध्यक्ष, पूर्व जनपद सदस्य सुषमा सिंह, जयराम भगत एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा रघुनाथ राम के नेतृत्व में एवं तरुण कुमार पटेल विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के व्यवस्थित संचालन में आशुतोष शर्मा



बीआरसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खेल गतिविधियों को नियमानुसार संपन्न कराने में खेल प्रशिक्षक- घनश्याम टोप्पो नजरियुस तिग्गा, राजेश मिंज विवेक लकड़ा, शारदा साहू प्रतिमा खेस, शिक्षक जीवनलाल सारथी, अजीत कुमार सिदार, मुनेश्वर यादव ओपी चौधरी संदीप प्रधान दिनेश त्रिपाठी का सहयोग रहा। खेल महाकुंभ में अभिलेख संधारण महत्वपूर्ण कार्य है जिसका संचालन थबीर साहू, प्रितम साहू एवं दिग्विजय पटेल के द्वारा किया गया। 2 दिवसीय खेल महोत्सव में माइक संचालन हिंदी के साथ साथ कुडूख सादरी मे उदघोष हुआ जिसे नंदलाल शास्त्री, मुनेश्वर यादव संदीप प्रधान के ने किया।

इन विद्यार्थियों ने लहराया रचम

2 दिवसीय खेल महोत्सव में जूनियर 100 मीटर दौड़ में साहिल भगत मनोरा बालिका दीपिका घाघरा 200 सौ मीटर दौड़ समीर तिग्गा हर्राडीपा बालिका अल्पा लकडा 400 सौ मीटर दौड़ मोहन कुमार मनोरा बालिका राधा भगत प्रथम रहे। वरिष्ठ वर्ग में बालक 100 मीटर दौड़ स्वर्ण खाखा घाघरा बालिका सशीला बाई मनोरा प्रथम 200 सौ मीटर दौड़ अरुण एक्का करडीह बालिका पार्वती बाई गजमा प्रथम एवं 400 सौमीटर दौड़ निशांत एक्का तलोरा प्रथम रहे। इस महाकुंभ खेल महोत्सव में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ बालक बालिका वर्ग में गोला-फेंक, भाला फेंक, बैडमिंटन, खो खो, कबड्डी फुटबाल, व्हालीबाल, ऊंची कूद ,लंबी कूद एवं विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिए रस्साकसी इत्यादि खेल विधा सम्पन्न हुए जिसमें मनोरा विकासखंड के स्कूली एवं ग्रामीण युवाओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान किए। संपूर्ण कार्यक्रम को व्यवस्थित संचालित करने में जगतपाल राम एबीओ, प्रवीण कुमार पाठक, मंडल संयोजक मनोज सिंह, प्रेमलाल बर्मन, विपिन विकास खरे, विनोद भगत, चंद्रशेखर भगत, दिनेश त्रिपाठी, उज्जवल वैष्णव आदि का सहयोग रहा।



